# आकाशवाणी केन्द्र शिमला

## 16.11.2025/प्रादेशिक समाचार/1945बजे

**मुख्य समाचार**

- शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए विद्यालयों के नियमित निरीक्षण की आवश्यकता पर दिया बल।
- राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर हुए कई कार्यक्रम– लोकतंत्र में मीडिया की भूमिका पर की गई चर्चा।
- मुख्यमंत्री कल फरीदाबाद में उत्तर क्षेत्रीय परिषद की बैठक में होंगे शामिल– आंतरिक सुरक्षा और क्षेत्रीय विकास सहित कई मुद्दों पर होगा मंथन।

और

- विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर का आरोप– मित्र भर्ती के नाम पर युवाओं को गुमराह कर रही प्रदेश सरकार।

-----------

**शिक्षा मंत्री**

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए विद्यालयों के नियमित निरीक्षण की आवश्यकता पर बल दिया है। वे आज शिमला ज़िले के चौपाल उपमण्डल के राजकीय विद्यालय खद्दर के वार्षिक समारोह में बोल रहे थे। रोहित ठाकुर ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा किए गए सुधारों के सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं और प्रदेश की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने की रैंकिंग में सुधार हुआ है। उन्होंने बताया कि वर्तमान सरकार के कार्यकाल में अब तक विभिन्न श्रेणियों के 7 हज़ार नियमित शिक्षकों की भर्तियां की जा चुकी हैं और 9 हज़ार से अधिक पदों को भरने की प्रक्रिया जारी है।

**कृषि मंत्री**

दूसरी ओर, कृषि मंत्री चंद्र कुमार ने कहा है कि सरकार शिक्षा के विस्तार से अधिक उसकी गुणवत्ता पर विशेष बल दे रही है। कांगड़ा ज़िले में ज्वाली क्षेत्र के चलवाड़ा में आज एक निजी स्कूल के समारोह में उन्होंने कहा कि प्रदेश में 8 सौ 50 शिक्षण संस्थानों को उत्कृष्ट संस्थानों के रूप में विकसित किया जा रहा है। चंद्र कुमार ने बताया कि पहले चरण में 20 राजीव गांधी डे–बोर्डिंग स्कूल स्थापित किए जा रहे हैं जिनमें से 8 स्कूल कांगड़ा ज़िले में खोले जाने प्रस्तावित हैं। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहने और खेल, सांस्कृतिक व अन्य सामाजिक गतिविधियों में बढ़–चढ़ कर भाग लेने का आह्वान किया।

**सहकारिता**

नगर व ग्राम नियोजन मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा है कि राज्य सरकार सहकारिता को गांव–गांव तक पहुंचाने और आधुनिक तकनीक से जोड़ने के लिए प्रयासरत है। वे आज बिलासपुर ज़िले के भेड़ाघाट में अखिल भारतीय सहकारी सप्ताह के ज़िलास्तरीय समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा

कि वर्ष 2025 को अंतर्राष्ट्रीय सहकारी वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है जो विश्वस्तर पर सहकारिता के सिद्धांतों और भावनाओं को अधिक सशक्त करने का महत्वपूर्ण अवसर है। धर्माणी ने कहा कि प्रदेश में सहकारी समितियां कृषि, बागवानी, दुग्ध उत्पादन और उपभोक्ता सेवाओं जैसे अनेक क्षेत्रों में मज़बूती से कार्य कर रही हैं।

**राष्ट्रीय प्रेस दिवस**

राष्ट्रीय प्रेस दिवस के मौके पर आज देशभर में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर केन्द्रीय सूचना व प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव नई दिल्ली में एक समारोह में शामिल हुए। समारोह के दौरान प्रेस की विश्वसनीयता बढ़ाने और भ्रामक खबरों से निपटने के लिए एक व्याख्यान का भी आयोजन किया गया। सूचना व प्रसारण मंत्री ने मीडिया कर्मियों को राष्ट्रीय प्रेस दिवस की बधाई दी और कहा कि हमारे लोकतंत्र में प्रेस की बेहद महत्वपूर्ण भूमिका है।

इस अवसर पर सूचना व प्रसारण राज्य मंत्री डॉक्टर एल. मुरूगन भी मौजूद रहे। राष्ट्रीय प्रेस दिवस देश के लोकतंत्र को सशक्त बनाने में एक स्वतंत्र, ज़िम्मेदार और नीतिपरक प्रेस की भूमिका की पुष्टि करता है।

**प्रेस दिवस–हिमाचल**

इधर, राष्ट्रीय प्रेस दिवस के मौके पर प्रदेश भर में कार्यक्रम आयोजित किए गए। शिमला में आयोजित राज्यस्तरीय समारोह में तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा कि मीडिया का काम सरकार तक जनता के महत्वपूर्ण मुद्दों को पहुंचाना और समाज के वंचित वर्गों की आवाज़ को बुलंद करना है। उन्होंने कहा कि देश और समाज को दिशा देने में मीडिया अहम भूमिका निभाता है लेकिन सूचना प्रौद्योगिकी के युग में मीडिया के समक्ष भी अनेक चुनौतियां आई हैं। धर्माणी ने कहा कि आज का दिन प्रेस की स्वतंत्रता और ज़िम्मेदारियों की ओर हमारा ध्यान आकर्षित करने के साथ–साथ पारदर्शी समाज के निर्माण में प्रेस की ज़िम्मेदारी को रेखांकित करता है। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकारों ने बढ़ती भ्रामक सूचनाओं के बीच प्रेस की विश्वसनीयता विषय पर अपने विचार साझा किए। सूचना व जन संपर्क विभाग के निदेशक राजीव कुमार ने सभी वक्ताओं और प्रतिनिधियों का कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आभार जताया। इस दौरान विभिन्न मीडिया संस्थानों के प्रतिनिधि और प्रदेश विश्वविद्यालय के पत्रकारिता विभाग के विद्यार्थी भी मौजूद रहे।

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू कल हरियाणा के फरीदाबाद में उत्तर क्षेत्रीय परिषद की बैठक में शामिल होंगे। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक में आंतरिक सुरक्षा, सीमा प्रबंधन, क्षेत्रीय विकास, कानून व्यवस्था और अंतर्राज्यीय सहयोग जैसे मुददों पर चर्चा की जाएगी।

***बैठक में हिमाचल प्रदेश इस बार पड़ोसी राज्यों के साथ सीमा विवाद, नशा तस्करी पर संयुक्त रणनीति और बीबीएमबी में स्थायी सदस्यता जैसे लंबित मामलों को मजबूती से उठाने की तैयारी में है।पिछले तीन वर्षों में हिमाचल प्रदेश लगातार अपने हितों से जुड़े मुद्दे परिषद के समक्ष उठाता रहा है। इस बार भी बैठक में जम्मू–कश्मीर और लद्दाख के साथ सीमा विवाद, परवाणू क्षेत्र में हरियाणा के साथ लंबित सीमा निर्धारण, भाखड़ा ब्यास मैनेजमेंट बोर्ड (बीबीएमबी) में राज्य की स्थायी सदस्यता और देनदारी के मामलों को प्रमुखता***

***से उठाएगा। नशा तस्करी को लेकर प्रदेश बार–बार चिंता जता चुका है, लेकिन पड़ोसी राज्यों की ओर से ठोस कार्रवाई न होने पर अब हिमाचल आक्रामक नीति की ओर बढ़ रहा है। बैठक में संयुक्त कार्ययोजना बनाने का आग्रह किया जाए। दिल्ली दौरे के दौरान मुख्यमंत्री कांग्रेस आलाकमान से भी मुलाकात करेंगे।***

आकाशवाणी समाचार के लिए शिमला से योगराज शर्मा......

**जयराम ठाकुर**

विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने राज्य सरकार पर युवाओं को मित्र भर्ती के नाम पर गुमराह करने का आरोप लगाया है। एक बयान में उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने पहली ही कैबिनेट में एक लाख सरकारी नौकरियां व 5 लाख रोज़गार देने की गारंटी दी थी लेकिन अब मित्र योजना के तहत युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। जयराम ठाकुर ने आरोप लगाया कि आउटसोर्स में हर जगह घोटाला करने की नीयत से एजेंसियों का चयन किया जा रहा है। उन्होंने राज्य सरकार को युवाओं के साथ अन्याय करना बंद करने और अपनी चुनावी गारंटियों को पूरा करने की ओर ध्यान देने की सलाह दी है।

**किसान संघ**

भारतीय किसान संघ ने राज्य सरकार से प्रदेश में प्राकृतिक आपदा से हुए नुकसान की भरपाई की मांग की है। शिमला में किसान संघ की कार्यकारिणी की बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष के. साई रेड्डी ने कहा कि आपदा के कारण हज़ारों किसानों के बाग–बागीचे और उपजाऊ भूमि नष्ट हो गई है। उन्होंने सरकार से किसानों के पुनर्वास और मुआवज़े के लिए ठोस नीति बनाने पर बल दिया।

उन्होंने कहा कि वे केन्द्र सरकार के समक्ष भी किसानों के मुद्दों को उठाएंगे। किसान संघ के अध्यक्ष ने बाहरी राज्यों के लोगों द्वारा कृषि भूमि खरीदने पर भी चिंता जताई और इसे रोकने के लिए कड़े कानूनी प्रावधान लागू करने की मांग की।

**सम्मान निधि**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 19 नवंबर को पीएम–किसान योजना की 21वीं किस्त जारी करेंगे। इस किस्त के साथ, इस योजना के अंतर्गत देश भर के 11 करोड़ से अधिक किसान परिवारों को 3 लाख 70 हज़ार करोड़ रुपये से अधिक की राशि सीधे खाते में भेज दी जाएगी। इस योजना में किसान परिवारों को सालाना छह हज़ार रुपये दिए जाते हैं, जो दुनिया के सबसे बड़े प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण कार्यक्रमों में से एक है।

**विधिक सेवा**

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण व राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान में आज कुल्लू में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित किया गया। इस दौरान उच्च न्यायालय के न्यायाधीश व राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यकारी अध्यक्ष न्यायमूर्ति विवेक सिंह ठाकुर ने प्रदेश में नशे की बढ़ती समस्या और प्राकृतिक आपदाओं से हो रही जनहानि पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि इस अभियान के तहत गांव–गांव तक जाकर लोगों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

**टेबल टैनिस**

सोलन ज़िले में अर्की विधानसभा क्षेत्र के धमोग में युवा महोत्सव के तहत आयोजित छात्राओं की अंतर महाविद्यालय टेबल टैनिस प्रतियोगिता संपन्न हो गई है। इस प्रतियोगिता में प्रदेश के 8 महाविद्यालयों की 30 खिलाड़ियों ने भाग लिया। समापन अवसर पर विधायक संजय अवस्थी ने कहा कि युवाओं के जीवन को सफल बनाने में खेलों की अहम भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि आज समाज में नशा एक चुनौती बना हुआ है और इससे निपटने के लिए खेल एक बेहतर उपाय है।

............